तापमान
अधिकतम 24.4 डिग्री
न्यूनतम 7.6 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, बुधवार, 5 फरवरी, 2025

12 मताधिकार का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया



12 88 फीसदी से ज्यादा शिकायतों का किया समाधान



## खबर संक्षेप

### राजेंद्र को मिला राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षक अवॉर्ड

**कुरुक्षेत्र।** दिल्ली में मानद उपाधि से सम्मानित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान पलवल कुरुक्षेत्र में सहायक प्राध्यापक राजनीति शास्त्र के पद पर तैनात डाक्टर राजेंद्र कुमार को बसंत पंचमी के पावन अवसर पर मध्य प्रदेश में राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित राष्ट्रीय स्तर के शिक्षक सम्मान समारोह में डॉ अब्दुल कलाम आजाद राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही उनके पुत्र इंजीनियर रजत कुमार जो कि इंफोसिस पंचकूला में सॉफ्टवेयर इंजीनियर के पद पर कार्यरत हैं उनको भी इस सम्मान से सम्मानित किया गया।

### इसराना क्षेत्र के शराब के दो ठेकों में चोरी

**इसराना।** उप मंडल में रात को चोरों ने शराब के ठेकों को निशाना बनाया। चोर टीन शैड के नट बोल्ट खोल कर अंदर घुसे और शराब की बोतलें व वहां रखा सारा कैश चुरा ले गए। जोशी वाइन कंपनी के इंचार्ज जोगेंद्र के अनुसार उनका ठेका गांव उटला पुलिस चौकी थर्मल के अंतर्गत और दूसरा मतलौडा बाईपास पर स्थित है। रात को ठेके पर तैनात कर्मचारियों ने चोरी की सूचना दी। बताया कि मतलौडा बाईपास स्थित ठेके से अंग्रेजी शराब की 18 बोतलें और 600 रुपए नकद चोरी हुए। वहीं उंटला सफीदों रोड स्थित ठेके से अंग्रेजी शराब की 23 बोतलें, 5 बियर, 24 बोतल देशी शराब और 1800 रुपए की नकदी के साथ एक कर्मचारी का मोबाइल फोन भी चोरी हो गया।

### डॉ. विजय बने जीजेयू हिसार के कुलसचिव

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा के राज्यपाल एवं गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार के कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय के निदेर्शानुसार हरियाणा राजभवन की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ इंटीग्रेटिड एंड ऑनर्स स्टडीज के फिजिक्स विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. विजय कुमार को गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार का कुलसचिव नियुक्त किया गया है।उनके द्वारा 26 शोध पत्र विभिन्न जर्नल्स में भी प्रकाशित हुए हैं।

### नशा तस्कर 70 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार

**समालखा।** एंटी नारकोटिक्स सेल की पुलिस टीम ने जीटी रोड पर भापरा मोड़ के पास से एक्टिवा सवार को 70 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया है। सेल के प्रभारी इंस्पेक्टर सुमित सरोहा ने बताया कि आरोपी की पहचान उत्तर प्रदेश के बदायूं जिले के मुरसैना निवासी मोनू के रूप में हुई है जो वर्तमान में सेक्टर 13-17 में किराये पर रह रहा था। गुप्त सूचना के आधार पर टीम ने भापरा मोड़ पर नाकाबंदी की थी। जब एक्टिवा सवार युवक पानीपत की तरफ से आता दिखाए तो पुलिस ने उसे रोककर तलाशी ली। तलाशी में एक्टिवा की सीट के नीचे डिग्गी से 70 ग्राम चरस बरामद हुई।

### 'विज्ञान और प्रौद्योगिकी की अद्भुत दुनिया' पर दो दिवसीय विज्ञान कॉन्क्लेव शुरू

# विकसित भारत में विज्ञान तकनीक की रहेगी अहम भूमिका : सचदेवा

- स्कूली छात्रों ने सैंसर युक्त स्मार्ट छड़ी का किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

विकसित भारत 2047 में विज्ञान तकनीक की अहम भूमिका है। भारत के विश्व की आर्थिक महाशक्ति बनने का रास्ता विज्ञान, तकनीक एवं अनुसंधान से निकलता है। युवाओं को विज्ञान एवं तकनीक के क्षेत्र में जिज्ञासु, तार्किक चिंतन एवं सृजनात्मक होना चाहिए तभी वे नवाचार के माध्यम से विकसित भारत अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। यह उद्गार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने मंगलवार को श्रीमद्भगवद् गीता सदन में केयू तथा हरियाणा राज्य विज्ञान, नवाचार और प्रौद्योगिकी परिषद के सहयोग से विज्ञान और प्रौद्योगिकी की अद्भुत दुनिया विषय पर आयोजित दो दिवसीय विज्ञान कॉन्क्लेव के उद्घाटन सत्र में बतौर मुख्यातिथि व्यक्त किए। इससे पहले कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा, कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल, निदेशक डॉ. रंजना अग्रवाल, केयू डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. दिनेश कुमार, डीन प्रो. संजीव अरोड़ा, प्रो. जीपी दुबे, डॉ. सुमन मेहंदिया व डॉ. दीपक राय बब्बर द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। कुलपति सचदेवा ने कहा कि जिज्ञासा, तार्किक चिंतन एवं सृजनात्मकता के बल पर सीवी रमन ने पूरे विश्व में भारत का नाम रोशन किया। वे पहले एशियाई एवं भारतीय युवा वैज्ञानिक थे जिन्हें नोबल पुरस्कार मिला।

वहीं थॉमस एडिसन ने स्वाध्याय के बल पर दस हजार मैटेरियल पर शोध कर विद्युत बल्ब की खोज की थी। भारत के मिसाइल मैन के नाम से प्रसिद्ध डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम ने भारतीय सैटेलाइट लांच व्हीकल, परमाणु परीक्षण में अपनी अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने कहा कि भारत विश्व का सबसे युवा देश है, युवा ही देश को साइंस एवं तकनीक के द्वारा विकसित देश बनाने में अपना योगदान दे सकते हैं। उन्होंने केयू द्वारा ए प्लस प्लस ग्रेड प्राप्त करने, एनईपी को सभी प्रावधानों को साथ लागू करने तथा खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में केयू के अग्रणी रहने की बात कही। विशिष्ट अतिथि प्रो. रंजना अग्रवाल, केयू एलुमनी और निदेशक, सीएसआईआर-नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस कम्युनिकेशन एंड पॉलिसी रिसर्च नई दिल्ली ने कहा कि वैज्ञानिक दृष्टिकोण के उन्नत होने से विकसित भारत का सपना साकार होगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 चार सूत्रों पर आधारित है जिनमें विद्यार्थी शिक्षा को गुरु एवं शिष्य, स्वाध्याय, समूह एवं समय के साथ अनुभव के साथ ग्रहण करता है।




**कुरुक्षेत्र।** दो दिवसीय कॉन्क्लेव की स्मारिका का विमोचन करते अतिथिगण।

#### वैज्ञानिक परिकल्पना साकार

साइंस कॉन्क्लेव के पहले दिन क्रश हॉल में आयोजित विज्ञान और प्रौद्योगिकी की अद्भुत दुनिया को लेकर प्रदर्शित की गई प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने वैज्ञानिक परिकल्पना को साकार किया। महाराणा प्रताप स्कूल, कुरुक्षेत्र के 10वीं कक्षा के विद्यार्थी लविश, निश्चय सैनी तथा परम ने सैंसर युक्त स्मार्ट छड़ी प्रदर्शित की जो दिव्यांग जनों का सहारा बनेगी। वहीं ओवर स्पीडिंग के चलते होने वाली दुर्घटनाओं को कम करने के लिए सड़कों के दोनों ओर सेंसर लगाने को मॉडल को प्रदर्शित करते हुए गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल के 12वीं कक्षा के राघव व नंदन ने बताया कि धुंध के समय में जब वाहन टकराते हैं तो पीछे से आने वाले वाहन भी टकराते चले जाते हैं। उसी समस्या के समाधान स्वरूप छात्रों ने सड़कों दोनों ओर सेंसर लगाने का मॉडल प्रस्तुत किया है ताकि दुर्घटनाग्रस्त वाहन का संकेत सड़क पर चलने वाले अन्य वाहनों को मिल सके।

# कोर्ट ने 10 छात्र नेताओं को किया चार्ज फ्रेम



- 2018 में छात्र संघ चुनाव में लाठीचार्ज के दौरान हुए थे मुकदमे दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

वर्ष 2018 में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के छात्र संघ चुनाव के दौरान प्रत्यक्ष प्रणाली से चुनाव कराने की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे नेता डा. जसविंद्र खैहरा, दिव्यांशु बुद्धिराजा व शाहनवाज समेत 10 छात्र नेताओं को कोर्ट ने चार्ज फ्रेम किया है।

बता दें कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में 2018 में हुए छात्र संघ की चुनाव में डा. जसविंद्र खैहरा के नेतृत्व में छात्रों ने प्रत्यक्ष प्रणाली से चुनाव कराने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया था। प्रदेश सरकार की ओर से अप्रत्यक्ष प्रणाली से छात्र संघ चुनावों की घोषणा के बाद छात्रों ने एकत्रित होकर प्रदर्शन शुरू किया था। इस दौरान छात्रों द्वारा थर्ड गेट को बंद कर दिया था। इस दौरान छात्रों को तितर-बितर करने के लिए पुलिस द्वारा लाठीचार्ज किया गया था और डा. जसविंद्र खैहरा समेत अन्य छात्र नेताओं को नामजद कर गिरफ्तार किया गया था। कई छात्र नेताओं डॉ. जसिवंद्र खैहरा, दीव्यांशु बुद्धिराजा, विनोद कुमार,तरसेम, एसएफआई की प्रदेशाध्यक्ष सुमन, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष शाहनवाज, इनसो कार्यकर्ता मंजू जाखड़, जैन्नी, हरमनप्रीत कौर आदि को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। वकील चांदी राम व विक्रम मंढाण ने जानकारी देते हुए बताया कि कोर्ट द्वारा सभी 10 को चार्ज फ्रेम किया गया है। पुलिस द्वारा लाठीचार्ज किया गया था। ऐसे में छात्र नेताओं पर गलत तरीके से मुकदमे दर्ज किए गए थे। उन्हें न्यायपालिका पर यकीन है कि जल्द ही सभी 10 लोगों को न्याय मिलेगा।

# फूड इंस्पेक्टर को रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा

- खराब गेहूं के कट्टे बदलवाने की एवज में डिपो होल्डर से मांगे थे दस हजार रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

कुंजपुरा के खाद्य एवं आपूर्ति कार्यालय से एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने इंस्पेक्टर राजीव कुमार को 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा है। खराब गेहूं के कट्टे बदलवाने की एवज में इंस्पेक्टर ने डिपो होल्डर से रिश्वत मांगी थी।

शिकायतकर्ता विकास कुमार ने बताया कि गेहूं बदलने को लेकर मामला शुरू हुआ था। हमारे डिपुओं पर गेहूं खराब आई थी। मैने इंस्पेक्टर राजीव को गेहूं की खराब सप्लाई के बारे में जानकारी दी थी। जिस वेयर हाउस से कट्टे आए थे, उसका अधिकारी भी मेरे पास आया था। मैंने उसको बताया था कि 160 कट्टे में गेहूं खराब है और जितने कट्टों में गेहूं ठीक होंगे, उसको बांट दिया जाएगा, जो खराब कट्टे होंगे, उसको बदलना होगा। वेयर हाउस के अधिकारी भी गया था राजीव के घर शिकायतकर्ता ने बताया कि वेयर हाउस वाला अधिकारी भी राजीव के घर भी था। राजीव ने कट्टे चेंज करवाने की एवज में 10 हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी, जिसमें से पांच हजार रुपए पहले दे दिए थे और बाकी पैसे देने के लिए आज में कुंजपुरा खाद्य एवं आपूर्ति कार्यालय में देने के लिए आया था। जैसे ही इंस्पेक्टर ने रिश्वत के पैसे पकड़े, तो तुरंत एसीबी ने इंस्पेक्टर को रंगे हाथों पकड़ लिया। 15 रुपए क्विंटल के हिसाब से करनी चाही सेटिंग विकास ने बताया कि बीते दिनों इसी इंस्पेक्टर ने चार डिपो की चेकिंग भी की थी और चेकिंग के बाद कहा था कि सभी डिपो से 10-10 हजार रुपए चेकिंग के नाम पर दिलवा देना। मैंने रिश्वत के पैसे दिलवाने से मना कर दिया था।



### मकान के ताले तोड़कर नकदी और गहने चुराए

**यमुनानगर।** शहर की यमुना गली में चोरों ने सूने घर का ताला तोड़कर 21 हजार रुपये की नकदी तथा करीब लाखों रुपये के आभूषण चोरी कर लिए। रेलवे स्टेशन के नजदीक यमुना गली निवासी रानी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत सोमवार सुबह वह अपने काम से बाहर गई थी।

देर शाम को जब वह घर पहुंची तो कमरे का ताला टूटा हुआ था और अंदर सामान बिखरा हुआ था। अंदर जाकर देखा तो अलमारी का लॉकर भी खुला पड़ा था। जांच करने पर अलमारी से सोने के एक जोड़ी टॉप्स, एक जोड़ी सोने की बालियां, सोने की अंगूठी, 21 हजार रुपये की नकदी व 10 तोले चांदी के गहने गायब थे। उसने बताया कि चोरी हुए सामान की कीमत करीब डेढ़ लाख रुपये थी। उसने चोरी की सूचना शहर पुलिस को दी।

# दोस्त की हत्या करने का आरोपी गिरफ्तार

- शराब पीने के दौरान दलबीर व कन्हैया की कहासुनी हो गई थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

सीआईए वन पुलिस टीम ने थाना पुराना औद्योगिक क्षेत्र में युवक की इक्को गाड़ी से कुचलकर हत्या करने मामले में आरोपी को सोमवार देर शाम काबड़ी बाईपास से काबू किया है। सुखदेव पुत्र अनिल निवासी कुलदीप नगर ने पुलिस को बताया था कि उसका बड़ा भाई 30 वर्षीय कन्हैया उर्फ बकरा फैक्टरी में काम करता था। जो ज्यादा शराब पी लेता था। गत 20 जनवरी की रात करीब 11 बजे उन्हें पता लगा कि कन्हैया बदहवास हालत में हवा सिंह फैक्टरी के सामने पड़ा है। वह अपने पिता के साथ मौके पर पहुंचा। उन्हें लगा कन्हैया ने ज्यादा शराब पी ली है वह उठाकर उसको घर ले गए। इसके बाद 21 जनवरी को कन्हैया ने सीने में दर्द होने की बात बताई। उसने घर में रखी दर्द की दवा उसको दे दी। इसके बाद दोपहर करीब 1 बजे कन्हैया को हस्पताल ले जाने के लिए उठाने लगे तो वह बदहवाश हो गया।

नब्ज चैक की तो उसकी मौत हो चुकी थी। हमने उसकी प्राकृतिक मौत समझ कर उसका अंतिम संस्कार कर दिया था। वहीं गत 24 जनवरी को अमित पुत्र ज्ञान निवासी गढ़ी सिकंदरपुर ने हमें घर आकर बताया कि कन्हैया उर्फ बकरा की हत्या हुई है। अमित ने उनको बताया 20 जनवरी को वह और कन्हैया कुलदीप नगर के ही रहने वाले दलबीर पुत्र महाबीर, शिव कुमार उर्फ वीरा पुत्र प्रमाल एक साथ बैठकर शराब पी रहे थे। शराब पीने के दौरान दलबीर व कन्हैया की कहासुनी हो गई थी। हमने शिव कुमार को वही छोड़ दिया था और हम तीनों अपनी इक्को गाड़ी में बैठकर घर की तरफ चल दिए। विशाल फैक्टरी के पास पहुंचे तो पेशाब करने के लिए गाड़ी को रोक दिया। इसके बाद तीनों गाड़ी से नीचे उतर गए। दलबीर फिर से कन्हैया उर्फ बकरा के साथ मारपीट करने लगा। दलबीर ने गाड़ी को तेज रफ्तार से चलाते हुए कन्हैया को टक्कर मार दी। दलबीर कन्हैया को गाड़ी से कुचलकर फरार हो गया। कन्हैया उर्फ बकरा की हत्या दलबीर ने की है।



**पानीपत।** हत्यारोपी के साथ पुलिस।

# घरौंडा स्कूल का नाम होगा देवी अहिल्या होल्कर विद्यालय

- विस अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण के प्रयासों से विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने जारी किए आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण के प्रयास आखिरकार रंग लाए और घरौंडा के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का नाम देवी अहिल्या होल्कर विद्यालय रखा जाएगा। इस संबंध में हरियाणा के विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने आदेश जारी कर दिए हैं। बता दें कि क्षेत्र की यह लंबे समय से मांग थी कि विद्यालय का नाम देवी अहिल्या होल्कर के नाम पर रखा जाए। विधानसभा अध्यक्ष के प्रयासों से यह संभव हुआ है। आदेश जारी होने पर हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने समस्त विधानसभा वासियों को हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए बड़े गर्व की बात है कि राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का नाम देवी अहिल्या होल्कर के नाम पर रखे जाने के आदेश जारी हुए हैं।

# कुंटिया के चुनावों का बजा बिगुल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय गैर शिक्षक कर्मचारी संघ (कुंटिया) के चुनावों का बिगुल बज चुका है। शुक्रवार 14 फरवरी को कुंटिया चुनाव के लिए वोटिंग होगी। इस चुनाव में भाग लेने हेतु मंगलवार को तीनों मुख्य गुटों के उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। प्रधान पद हेतु कर्ण सिंह ग्रुप की ओर से रजवंत कौर ने एक बार फिर अपनी दावेदारी प्रस्तुत करते हुए अपनी टीम ओर समर्थकों के साथ अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। उनके समर्थक और टीम के कार्यकर्ता उनके चुनाव निशान छतरी के साथ नामांकन पत्र दाखिल करने पहुंचे। अपने कार्यकाल में विश्वविद्यालय के कर्मचारियों के लिए करवाए गए कार्यों की बदौलत रजवंत कौर अपनी जीत को लेकर पूरी तरह आश्वस्त नजर आई।

नामांकन पत्र भरने से पूर्व रजवंत कौर ने अपने समर्थकों की सभा को संबोधित भी किया।



### प्रो. पूनिया बने केयू जनसंचार के निदेशक



**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा द्वारा केयू अधिनियम एवं संविधि, 1986 की धारा 11 (5) के अन्तर्गत, कार्यकारी परिषद के अनुमोदन पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ इंटिग्रेटिड एंड ऑनर्स स्टडीज के हिन्दी विभाग के प्रोफेसर महासिंह पूनिया को तत्काल प्रभाव से एक वर्ष की अवधि/अगले आदेशों तक केयू जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर प्रो. महासिंह पूनिया ने कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा का इस अहम जिम्मेवारी को सौंपने के लिए आभार प्रकट करते हुए कहा कि वह सच्ची निष्ठा, लगन के साथ संस्थान के विकास में कार्य करेंगे। गौरतलब है कि प्रो. महासिंह पूनिया का केयू धरोहर हरियाणा संग्रहालय की स्थापना में अहम योगदान रहा है। 2004 से 2019 तक वे धरोहर क्यूरेटर के पद पर कार्यरत रहे। इसके साथ ही प्रो. महासिंह पूनिया ने युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के निदेशक के रूप में कार्य कर राज्य स्तरीय रत्नावली उत्सव के माध्यम से हरियाणवी संस्कृति को समृद्ध बनाने में विशिष्ट योगदान दिया। उनके द्वारा लोक साहित्य, संस्कृति एवं पत्रकारिता पर 15 से अधिक पुस्तकें प्रकाशित की गई हैं। प्रो. महासिंह पूनिया ने इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, टर्की, ग्रीस, ऑस्ट्रिया, बुल्गारिया, वियतनाम, हंगरी, चेक गणराज्य सहित 15 से अधिक देशों में हरियाणवी लोक कला एवं संस्कृति का प्रचार-प्रसार किया। वहीं प्रोफेसर महासिंह पूनिया हिन्दी साहित्य अकादमी संस्कृति मंत्रालय की कार्यकारिणी परिषद के सदस्य भी है।

### प्रेम दिवस सप्ताह मनाने के लिए खास तैयारियों में जुटे हैं युवा

# वेलेंटाइन-डे सप्ताह को लेकर सजी गिफ्ट गैलरियां

- सात फरवरी से शुरू हो रहा है वेलेंटाइन-डे वीक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

प्यार वो नहीं जो कहकर दिखाया जाए, प्यार वो है जो छुपकर निभाया जाए....ऐसा ही कुछ वेलेंटाइन-डे को लेकर युवाओं की धड़कनों में धड़क रहा है। जिसके लिए वर्ष भर से प्यार का इजहार करने के लिए इंतजार कर रहे युवाओं के लिए वेलेंटाइन-डे सप्ताह शुरु होने में अब मात्र दो दिन शेष बचे हैं। इस वेलेंटाइन-डे वीक को भुनाने के लिए गिफ्ट गैलरियां पूरी तरह सजकर तैयार हो चुकी हैं। पश्चिमी सभ्यता के रंग में रंगे वेलेंटाइन-डे वीक सात फरवरी से शुरू हो रहा है। इसे मनाने के लिए युवाओं ने भी खास तैयारियां की है। कोई प्रेमी गुलाब का फूल देकर अपनी प्रेमिका को प्यार का इजहार करने की प्लानिंग कर रहा है तो कोई रूठे प्यार को मनाने के लिए अन्य गिफ्ट खरीदने में जुटा है। वेलेंटाइन-डे वीक को भुनाने के लिए गिफ्ट गैलरी संचालकों ने भी खास तैयारियां की है। शहर भर की गिफ्ट गैलरियां पूरी तरह से सज कर तैयार है। शहर के गिफ्ट गैलरी संचालक विरेंद्र गुप्ता ने बताया कि वह वेलेंटाइन-डे के लिए वह एक माह से तैयारियों में जुटे हैं।

उन्होंने बताया कि वैसे तो वेलेंटाइन-डे वीक के दौरान गैलरियों में सभी गिफ्ट उपलब्ध होते हैं, लेकिन दिन के हिसाब से गिफ्ट की डिमांड बढ़ जाती है। वेलेंटाइन-डे वीक के दौरान गुलाब के फूलों की डिमांड भी काफी बढ़ जाती है। उन्होंने बताया कि सबसे अधिक मांग लाल गुलाब की रहती है लेकिन सफेद, गुलाबी व अन्य रंगों के गुलाब की भी अच्छी बिक्री होती है।



**यमुनानगर।** वेलेंनटाइन-डे वीक के लिए सजाई गई आर्ट गैलरी।

#### ये होगा क्रम

| | |
|---|---|
| 7 फरवरी | रोज-डे |
| 8 फरवरी | प्रपोज-डे |
| 9 फरवरी | चॉकलेट-डे |
| 10 फरवरी | टेडी वियर-डे |
| 11 फरवरी | प्रॉमिस-डे |
| 12 फरवरी | किस-डे |
| 13 फरवरी | हग-डे |
| 14 फरवरी | वेलेंटाइन-डे |

### सिकलीगर सिख संगठन के अध्यक्ष बने लाभसिंह

**पानीपत।** राष्ट्रीय सिकलीगर सिख संगठन की एक बैठक सचखंड श्री हजूर साहिब नांदेड़ महाराष्ट्र में हुई। जिसमें संगठन के पदाधिकारी का चुनाव सर्वसम्मति से किया गया। चुनाव में संगठन का राष्ट्रीय अध्यक्ष लाभ सिंह राजपुरा पंजाब,प्रवक्ता जिले सिंह पंजाब, कोषाध्यक्ष भीकम सिंह, सदस्य राजू सिंह खरखोदा, संरक्षक खजान सिंह सिवाह पानीपत, महासचिव ठाकुर सिंह महाराष्ट्र व वरिष्ठ उपाध्यक्ष बलजीत सिंह महाराष्ट्र को चुना गया। चुनाव में 15 राज्यों के करीब 500 लोगों ने भाग लिया। नवनियुक्त पदाधिकारियों का संगठन सदस्यों ने फूल मालाओं से स्वागत किया, जबकि अपनी नियुक्ति पर सभी पदाधिकारियों ने पूरी मेहनत एवं ईमानदारी से संगठन कार्य करने का विश्वास दिलाया।

# महक बीसीए में 10 सीजीपीए लेकर कुवि में रही अव्वल

- जेएमआईईटीआईए रादौर की छात्रा ने किया संस्थान का नाम रोशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

जेएमआईईटीआईए रादौर की छात्रा महक कालड़ा ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में बीसीए (बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन) प्रथम वर्ष में 10 सीजीपीए प्राप्त कर पूरे विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

महक की इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर संस्थान के निदेशक, विभाग मुख्य एवं संकाय सदस्यों ने उन्हें बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। संस्थान के निदेशक डॉ.विवेक शर्मा ने कहा कि महक की यह उपलब्धि पूरे कॉलेज के लिए गर्व का विषय है और इससे अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिलेगी।

उन्होंने सभी विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे महक की इस उपलब्धि से प्रेरणा हासिल करें। उन्होंने बताया कि इस उपलब्धि के लिए महक को कॉलेज स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। वहीं महक ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व शिक्षकों को दिया। उन्होंने कहा कि नियमित पढ़ाई और आत्मविश्वास के साथ किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

**खबर संक्षेप**



## बच्चों को मिलेगा पोटरी कुम्हारी कौशल

**करनाल।** माता प्रकाश कौर श्रवण एवं वाणी निशक्तजन कल्याण केंद्र में एक नई पहल की शुरुआत की गई है। समिति की चेयरपर्सन श्रीमती मेघा भंडारी ने बच्चों के लिए पोटरी कुम्हारी कौशल का कार्य शुरू करवाया गया है। इस पहल के तहत, बच्चों को पोटरी कुम्हारी के कौशल में प्रशिक्षित किया जाएगा, जिससे वे अपने हाथों से विभिन्न प्रकार के बर्तन और सजावटी सामग्री बना सकेंगे। यह कार्य न केवल बच्चों की रचनात्मकता को बढ़ावा देगा, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर भी बनाएगा।



## एडीसी ने किया दो प्ले वे स्कूलों का निरीक्षण

**करनाल।** अतिरिक्त उपायुक्त यश जालुका ने आज नीलोखेड़ी खंड के गांव बुटाना और संधीर में प्ले स्कूलों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बुटाना में 16 और संधीर में 14 ब'चों मौजूद मिले। उन्होंने गांव के लाभार्थियों यथा-गर्भवती, धात्री, जीरो से 6 वर्ष के बच्चों के अभिभावकों से बातचीत की और फीडबैक लिया। श्री जालुका ने आंगनबाड़ी केंद्र में आने वाले लाभार्थियों से मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं तथा सुविधाओं के बारे में पूछताछ की। केंद्रों की सुरक्षा और स्वच्छता जांची तथा उपलब्ध संसाधनों का उपयोग कैसे किया जा रहा है, इसका जायजा लिया।

## गायों की सेवा करने से मिलता है मन को सुकून

**करनाल।** बसंत पंचमी के पावन पर्व पर मानवता जन शक्ति फाउंडेशन की टीम ने गौकर्ण गौ चिकित्सालय (बेसहारा गोवंश सेवार्थ) दनियालपुर नजदीक बुड्ढा खेड़ा करनाल में गोवंश के लिए सब्जियों का भंडारा लगाया गया। इस अवसर पर फाउंडेशन के संस्थापक हरदीप राणा और उनकी टीम ने पहुंचकर गऊओं की सेवा कर पुण्य प्राप्त किया।

## जरूरतमंदों की सहायता करना सच्चा धर्म

**तरावड़ी।** जरूरतमंद और गरीब की सहायता करना है और मानवता का सच्चा धर्म है। यह विचार भारत विकास परिषद शाखा तरावड़ी के अध्यक्ष योगेश मिड्ढा ने आज वार्ड नंबर 5 शनि मंदिर एरिया में पहुंचकर बेटी को परिषद की कन्या शगुन योजना के तहत शगुन और आशीर्वाद दिया। इस मुहिम के तहत गरीब और जरूरतमंद परिवारों की कन्याओं को शगुन देकर सहायता की जाती है। इसी कड़ी में परिषद सैकड़ों परिवारों की सहायता कर चुकी हैं।

# हरियाणा में बजा बिगुल, नगरनिगम के चुनाव होंगे दो मार्च को

- 2 मार्च को निकाय चुनाव होंगे और उसके 10 दिन बाद रिजल्ट आएगा
- नीलोखेड़ी की जनता पहली बार डायरेक्ट प्रक्रिया से अपना चेयरमैन चुनेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



हरियाणा में निकाय चुनावों का डंका बज चुका है। 2 मार्च को निकाय चुनाव होंगे और उसके 10 दिन बाद रिजल्ट आएगा। ऐसे में करनाल नगर निगम, इंद्री व नीलोखेड़ी नगर पालिकाओं के भी चुनाव होंगे। इंद्री व नीलोखेड़ी की जनता पहली बार डायरेक्ट प्रक्रिया से अपना चेयरमैन चुनेगी, जबकि पहले प्रधान का चुनाव पार्षदों के माध्यम से बहुमत के आधार पर होता था। निर्वाचन आयोग के मुताबिक, 5 फरवरी को सभी जिला उपायुक्त अपने ऑफिस में नोटिफिकेशन जारी करेंगे। 11 फरवरी तक नॉमिनेशन शुरू होगा, जो 17 फरवरी तक जारी रहेगा। 18 तारीख को स्क्रूटनी होगी। 19 तारीख को नाम वापसी की आखिरी तिथि होगी। 2 मार्च को वोटिंग होगी, जबकि 12 मार्च को नतीजे आएंगे। उन्होंने कहा कि सभी उम्मीदवारों को अपना घोषणा पत्र देना होगा। उसमें आपराधिक, संपत्ति या अन्य कोई विवाद तो नहीं है। इस घोषणा पत्र को समाचार पत्रों में प्रकाशित करवाना होगा। इस बारे में रिटर्निंग ऑफिसर दिशा निर्देश देगा। वह उम्मीदवारों को इसकी जानकारी देगा। यदि कोई उम्मीदवार राजनीतिक दल से है तो उसे बताना होगा कि कोई उम्मीदवार राजनीतिक दल से है तो उसे बताना होगा कि उसके द्वारा पार्टी को सूचना दी जा चुकी है। पहले की तरह इस बार भी मेयर, नगर परिषद के अध्यक्ष के लिए डायरेक्ट वोट करेंगे।

### नगरपालिका नीलोखेड़ी में पुरूष मतदाता 7671 और महिला मतदाताओं की संख्या 7504

नगरपालिका नीलोखेड़ी में पुरूष मतदाता 7671 और महिला मतदाताओं की संख्या 7504 है। महिलाओं की संख्या पुरूषों से महज 167 कम है। यहां पर 13 वार्ड की जगह 14 वार्ड बनाए गए है। यहां 2 और 13 वार्ड महिलाओं के लिए आरक्षित किया गया है। जबकि 6 व 7 को एससी वर्ग के लिए आरक्षित किया गया है और 8 व 9 वार्ड को एससी महिला और वार्ड 14 को बीसीए महिला के लिए रिजर्व किया गया है। करनाल नगर निगम को 12 मार्च को अपना नया चेयरमैन मिल जाएगा, लेकिन वह कौन होगा, उसमें अभी टाइम है। करनाल में 20 वाडों में से 10 वार्ड आरक्षित किए गए हैं। जिसमें से 7 पर केवल महिलाएं ही चुनाव लड़ेगी। वार्ड 1,6 व 14 को एससी कैटेगरी, बीसी ए के लिए 2 व 7 आरक्षित है तथा वार्ड 17 को बीसी बी महिला के लिए आरक्षित किया गया है। 9, 10, 15 व 16 को महिलाओं के लिए आरक्षित किया गया है। इंद्री में पहली बार चेयरमैन के लिए होगा डायरेक्ट चुना नगर पालिका इंद्री 2023 में भंग हो गई थी। शिवानी गोयल को वार्ड पार्षदों ने सर्वसम्मति से चुना था। इंद्री में वोटर्स की संख्या करीबन 11 हजार है और यहां पर पहले 13 वार्ड थे, लेकिन नई वार्डबंदी के दौरान अब वार्डों की संख्या 14 हो गई है। वार्ड के लोगों में भी उत्साह है कि अबकी बार वे अपनी मर्जी का चेयरमैन चुनेंगे। निगम में मेयर के लिए 10 हजार व मेंबर के लिए 3 हजार और नगर परिषद में चेयरमैन के लिए 5 हजार व मेंबर के लिए 1500 रुपए सिक्योरिटी रहेगी। इसी समय से आचार संहिता प्रदेश में लागू हो जाएगी। आचार संहिता वहां लागू होगी, जहां चुनाव होने हैं। इस दौरान कोई भी ट्रांसफर नहीं हो पाएगी। यदि कोई ट्रांसफर जरूरी होगा तो उसके लिए आयोग से परमिशन लेनी होगी। निकाय चुनावों को लेकर राजनीतिक दलों में हलचल तेज हो गई है, लेकिन इससे भी ज्यादा बेचैनी उन लोगों में है जो पार्टी के सिंबल पर चुनाव लडना चाहते हैं। बीजेपी पहले ही साफ कर चुकी है कि वह अपने सिंबल पर चुनाव लड़ेगी, जबकि कांग्रेस की ओर से अब तक कोई ठोस बयान नहीं आया है। लेकिन कांग्रेस नेता दावा जरूर कर चुके है इस बार पार्टी सिंबल ही कांग्रेस चुनाव लड़ेगी। उधर, आम आदमी पार्टी भी सिंबल पर ही चुनाव लडने के मूड में है। इस बीच, इंद्री और नीलोखेड़ी में चेयरमैन व पार्षद बनने की चाह रखने वाले दावेदार टिकट के लिए जोड़-तोड़ में जुट गए हैं।

## सरकार सबका साथ- सबका विकास- सबका विश्वास के सिद्धांत पर चल रही

# अभिनंदन समारोह में विधायक ने जनता का जताया आभार

- शिवाजी कॉलोनी में आयोजित हुआ अभिनंदन समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि प्रदेश सरकार सबका साथ- सबका विकास- सबका विश्वास के सिद्धांत पर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में नॉन स्टॉप विकास कार्य हो रहे है। विधायक जगमोहन आनंद मंगलवार को स्थानीय शिवाजी कॉलोनी में डा. संदीप कै त द्वारा आयोजित अभिनंदन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि आप सभी के प्यार, विश्वास और समर्थन का परिणाम है कि मुझे अपने क्षेत्र की सेवा करने का मौका मिला है। मेरी पूरी कोशिश रहेगी कि करनाल में विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और जन-कल्याण के कार्य निरंतर चलते रहें। विधायक जगमोहन आनंद ने नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि स्थानीय लोगों के कारण ही वे इस मुकाम तक पहुच पाए है, इसलिए हमेशा नागरिकों के ऋणी रहेंगे, इस क्षेत्र के नागरिकों का सेवक बनके काम करेगें और 24 घटे लोगों के सुख-दुख को साझा करेगें, इतना ही नहीं लोगों की आशा के अनुरूप विकास कार्य करवाए जाएगें। उन्होंने कहा कि लोगों की मूलभूत सुविधाओं को सबसे पहले पूरा किया जाएगा। इस अवसर पर भाजपा के कार्यकारी जिला अध्यक्ष बृज गुप्ता, मंडल अध्यक्ष मोहन लोधी, दीपक शर्मा, डा. संदीप कुमार, राम कुमार कौशिक, रमेश मिड्ढा सहित भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता तथा स्थानीय निवासी उपस्थित थे।



### कार्यकर्ताओं के समर्पण पर आधारित है पार्टी की सफलता

**करनाल।** संगठनात्मक दृष्टि से पार्टी को मजबूती प्रदान करने के लिए भाजपा द्वारा बूथ स्तर पर जिम्मेदारियां दी जा रही है। इसी कडी में करनाल के बूथ नंबर 33 की एक बैठक वार्ड नंबर 12 न्यू चार चमन में बूथ अध्यक्ष पुष्पिंदर माथुर के निवास पर सम्पन्न हुई। जिसमें बूथ नंबर 33 की कार्यसमिति का गठन किया गया।

इस बैठक में मुख्य तौर पर भाजपा जिला मीडिया प्रभारी एवं इस शक्ति केंद्र के पालक डा अशोक कुमार, शक्ति केंद्र प्रमुख सतीश कश्यप,सह प्रमुख नंद लाल सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस मौके पर बूथ नंबर 33 की कार्यसमिति में बूथ अध्यक्ष पुष्पिंदर माथुर ने बूथ पालक की जिम्मेदारी प्रदीप कुमार को एवं बी एल ए 2 की जिम्मेदारी अनिल पाहवा को दी।इसी प्रकार महिला मोर्चा का दायित्व ओम पति देवी,ओबीसी मोर्चा सुनील कुमार एवं एस सी मोर्चा का दायित्व प्रवीण कुमार को दिया गया। बूथ अध्यक्ष पुष्पिंदर माथुर ने कहा कि कार्यसमिति में शेष नियुक्तियां भी शीघ्र कर दी जाएंगी। इस अवसर पर भाजपा जिला मीडिया प्रभारी एवं शक्ति केंद्र पालक डा अशोक कुमार ने कार्यसमिति में शामिल सभी कार्यकर्ताओं को उनके दायित्व के बारे जानकारी दी। इस अवसर पर शक्ति केंद्र प्रमुख सतीश कश्यप एवं सह प्रमुख नंद लाल ने भी अपने विचार रखे।

# कुत्तों की नसबंदी का कार्य 10 फरवरी से होगा शुरू

- डॉग बाईट समस्या से शहरवासियों को मिलेगी बड़ी राहत
- नियमों के तहत होगा कार्य, कुशल पशु चिकित्सक करेंगे ऑप्रेशन सीसीटीवी की रहेगी निगरानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

शहरवासियों को कुत्तों के काटने की समस्या से निजात मिलने जा रही है। इसके लिए स्ट्रीट डॉग की नसबंदी करवाई जाएगी। यह कार्य आगामी 10 फरवरी से शुरू होने जा रहा है। नगर निगम की ओर से ग्वालियर की सिद्घांत सोसाईटी फॉर एनीमल केयर एजेंसी को कार्य आदेश जारी किया जा चुका है। यह जानकारी नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने मगलवार को दी। उन्होंने बताया कि एजेंसी की ओर से घोघड़ीपुर रोड पर एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर बनाने का कार्य जारी है, जो पूरा होने जा रहा है। इसके पश्चात शैड्यूल अनुसार कुत्तों को पकडक़र उनकी नसबंदी की जाएगी। जिस क्षेत्र से कुत्ते पकड़े जाएंगे, सम्बंधित जोन इंचार्ज उसकी निगरानी करेंगे। नियमों के तहत होगा कार्य, एंटी रेबिज टीकाकरण भी होगा। निगमायुक्त ने बताया कि भारतीय जीव जंतु कल्याण बोर्ड के पशु जन नियंत्रण अधिनियम 2023 के नियमों के तहत कुत्तों की नसबंदी का कार्य किया जाएगा। इसके तहत पहले कुत्तों को पकडक़र उनका ऑप्रेशन कर नसबंदी की जाएगी। एंटी रेबिज का टीकाकरण किया जाएगा। करीब तीन से चार दिन तक ऑप्रेशन के बाद की देखभाल की जाएगी। इस दौरान उनके खाने-पीने व दवाईयों इत्यादि की पूरी व्यवस्था एजेंसी द्वारा की जाएगी। इसके पश्चात जिस क्षेत्र से कुत्तों को पकड़ा गया है, वही पर उन्हें वापिस छोड़ा जाएगा। उन्होंने बताया कि एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर में सीसीटीवी कैमरों की निगरानी रहेगी।नगर निगम आयुक्त ने बताया कि कुत्तों की नसंबदी के कार्य की पूर्ण निगरानी के लिए एक कमेटी का गठन किया जाएगा। कमेटी में पशुपालन विभाग के चिकित्सक भी मौजूद रहेंगे। उन्होंने कहा कि नसबंदी का कार्य पूरा होने से नागरिकों को बड़ी राहत मिलेगी।

### कुशल पशु चिकित्सक करेंगे नसबंदी

*उन्होंने बताया कि एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर में कुत्तों की नसंबदी का कार्य कुशल पशु चिकित्सकों द्वारा किया जाएगा। ऑप्रेशन के बाद उनकी देखभाल के लिए विशेष स्टाफ मौजूद रहेगा। यह चिकित्सक, भारतीय पशु चिकित्सा परिषद एवं राज्य पशु चिकित्सा परिषद से पंजीकृत हैं। इसके अतिरिक्त डॉग कैचर टीम, गाडी, ड्राईवर इत्यादि लोग रहेंगे।*

# सेवानिवृत कर्मचारियों की मुख्य मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

रिटायर्ड कर्मचारी संघ की करनाल ब्लाक इकाई ने सेवानिवृत कर्मचारियों की मुख्य मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। ब्लॉक प्रधान लाभ सिंह आर्य ने प्रदर्शनकारी कर्मचारियों की अगुवाई की। पेंशनर्स को 65 वर्ष की आयु पर 10 प्रतिशत व 75 वर्ष की आयु होने पर 20 प्रतिशत वेतन वृद्धि, मेडिकल भत्ता तीन हजार रुपए मासिक देने, कैशलेस मेडिकल सुविधा व पुरानी पेंशन नीति लागू करने की मांगों को प्रमुख तौर पर उठाया गया। मांगों का ज्ञापन विधायक को सौंपा गया। कर्मचारियों को संबोधित करते हुए रिटायर्ड कर्मचारी संघ के जिला सचिव ओमप्रकाश सिहमार ने कहा कि संघ द्वारा लगातार धरने प्रदर्शनों के माध्यम से सेवानिवृत कर्मचारियों की मांगों को उठाया जा रहा है। सरकार ने मांगों पर गंभीरता नहीं दिखाई। इससे कर्मचारियों में भारी रोष व्याप्त है। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में 15 फरवरी तक संघ का सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। ज्यादा से ज्यादो रिटायर्ड कर्मचारियों को साथ जोड़ा जाएगा। इस अवसर पर ब्लाक सचिव ताराचंद सैनी, अशोक कुमार, तेलूराम, अशोक कुमार, सियानंद परोचा, गिरधारी लाल, धीरज सिंह रावत, काका राम सैनी, रोशनलाल गुप्ता, एसकेएस के जिला प्रधान सुशील गुर्जर आदि रहे।



करनाल। विधायक को ज्ञापन सौंपते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

## 'खुद को सशक्त कैसे बनाएं' पर व्याख्यान

**नीलोखेड़ी।** श्री गुरु तेग बहादुर राजकीय महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ के तत्वाधान में 'खुद को सशक्त कैसे बनाएं' विषय पर विस्तृत व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ. मोनिका खुराना तथा एसोसिएट प्रोफेसर एस. डी. पी. जी. कॉलेज पानीपत ने उपरोक्त विषय पर विस्तृत चर्चा की। डॉ मोनिका ने छात्र छात्राओं को जीवन में अपना लक्ष्य निर्धारित करने व उसे प्राप्त करने के लिए अनवरत प्रयास करने के लिए प्रेरित किया और जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में आत्म निर्भर बनने का प्रयास करने व प्रेरणादाई पुस्तकों के पाठन के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्या मेजर (डॉ.) अनीता जून ने बताया कि सशक्त महिला ही सशक्त समाज का निर्माण कर सकती है।

# विश्व कैंसर दिवसः युवाओं ने कैंसर को हराने का संकल्प लिया

- विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर वॉकथॉन में भाग लिया धावकों ने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



विश्व कैंसर दिवस के उपलक्ष्य में अमृतधारा माई अस्पताल, उजाला सिग्नस ग्रुप, करनाल, इनकम टैक्स विभाग, नगर निगम करनाल, रेड क्रॉस सोसाइटी, हरियाणा सिविल पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन, केवीए डीएवी वीमेन कॉलेज, भारत विकास परिषद् एवं जेसीआई करनाल एजाइल के सहयोग से कैंसर जागरूकता, रोकथाम और प्रारंभिक पहचान को बढ़ावा देने के लिए 4 फरवरी, 2025 को वॉकथॉन का आयोजन किया गया। करनाल के विधायक श्री जगमोहन आनंद द्वारा झंडी दिखाकर वॉकथॉन की शुरुआत की गई। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त डॉ वैशाली शर्मा ने लोगों को संदेश देकर कैंसर के प्रति जागरूक किया। कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. परनीत सिंह ने कैंसर की रोकथाम के उपाय और उपचार के बारे में लोगों को जागरूक किया। वॉकथॉन सुबह एनडीआरआई के मुख्य द्वार से शुरू होकर अमृतधारा माई अस्पताल में समाप्त हुई। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कैंसर की रोकथाम, प्रारंभिक पहचान और बीमारी से प्रभावित लोगों के लिए उपलब्ध सहायता के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना था। इस अवसर पर विधायक जगमोहन आनंद, डिप्टी इनकम टैक्स आयुक्त अमन बिसला, नगर निगम आयुक्त डॉ वैशाली शर्मा, नगर निगम अतिरिक्त आयुक्त धीरज आदि रहे।

# श्री श्याम वार्षिक उत्सव के साथ अमृतमय भंडारे का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

श्री श्याम सेवा समिति की ओर से श्री श्याम वार्षिक उत्सव एवं अमृतमय भंडारे का आयोजन तरावड़ी अनाज मंडी में किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ा। बाबा खाटू श्याम जी का भव्य ओर सुंदर दरबार भव्य रूप से सजाया गया था। श्याम प्रेमी यहां बड़ी संख्या में बाबा श्याम का आर्शीवाद प्राप्त करने के लिए पहुंचे। बाबा श्याम का सतरंगी फूलों से मनमोहक श्रृंगार किया गया है। वार्षिक महोत्सव के दौरान तरावड़ी अनाज मंडी में खूब आतिशबाजी भी हुई। तरावड़ी, नीलोखेड़ी, करनाल, अंबाला, कुरूक्षेत्र समेत आसपास के ग्रामीण इलाकों से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने श्याम बाबा के दरबार पर शीश नवाकर सुख समृद्धि की कामना की। श्याम भक्त बाबा श्याम के जयकारे लगाते हुए ईश्वर से मन्नत मांग रहे थे। श्याम भक्त शीश के दानी की जय, हारे के सहारे की जय जैसे जयकारों के साथ दर्शन कर रहे थे। जयपुर से भजन गायिका साक्षी अग्रवाल, कलकत्ता से शुभम रूपम एवं पड़वाला से प्रमोद शर्मा समेत अन्य सुप्रसिद्ध कलाकारों की प्रस्तुति से श्रद्धालु भक्तगणों का उत्साह देखते बन रहा था। भजन कीर्तन के समय भक्तगण हर्षोल्लास में नाचने लगे।



तरावड़ी। श्रद्धालु कार्यक्रम में भाग लेते हुये व श्याम बाबा का सजा दरबार।

## महिला सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

# सकारात्मक ऊर्जा के लिए अनिवार्य है योगः संगीता

- हरियाणा पुलिस अकादमी मधुबन के डॉ एस राधाकृष्णन सम्मेलन कक्ष में 'महिला सुरक्षा' विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

हरियाणा पुलिस अकादमी मधुबन के डॉ एस राधाकृष्णन सम्मेलन कक्ष में 'महिला सुरक्षा' विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आरंभ हुआ। पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो नई दिल्ली के तत्वावधान में आयोजित यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 6 फरवरी तक चलेगा। हरियाणा पुलिस अकादमी के निदेशक डॉ अरशिन्दर सिंह चावला के निर्देश पर अकादमी की जिला उप-न्यायवादी अनीता रानी ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रदेश की विभिन्न इकाइयों से प्रशिक्षण पर आए राजपत्रित व अराजपत्रित पद के 20 पुलिस अधिकारी भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम का आरंभिक सत्र अकादमी के निदेशक के निर्देशानुसार 'मानसिक स्वास्थ्य, तनाव प्रबंधन में योग की भूमिका' विषय पर रखा गया ताकि भाग लेने वाले प्रतिभागी मानसिक व शारीरिक रूप से स्वस्थ रहें और इसे अपनी दिचर्या में शामिल कर सकें जो आज के परिवेश में आवश्यक है। डॉ संगीता नेहरा, निदेशक, आयुष विभाग, हरियाणा ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि अपनी दिनचर्या में योग, प्राणायाम व व्यायाम को जरूर शामिल करें। क्योंकि इससे जीवन स्वस्थ बनेगा। कार्यक्रम में अकादमी की जिला उप-न्यायवादी अनीता रानी ने कहा प्रशिक्षण कार्यक्रम के आयोजन के लिए अकादमी के निदेशक डॉ अरशिन्दर सिंह चावला तथा पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो, नई दिल्ली का आभार व्यक्त किया।



करनाल। हरियाणा पुलिस अकादमी में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागियों को संबोधित करती डॉ संगीता नेहरा।

## खबर संक्षेप

### महाशिवरात्रि पर लगेगा द्वादश ज्योतिर्लिंग मेला

**पानीपत।** महाशिवरात्रि पर्व पर ब्रह्माकुमारीज संस्था द्वारा द्वादश ज्योतिर्लिंग आध्यात्मिक मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला 13 फरवरी से 19 फरवरी तक कटारिया लैण्ड, नवांकोट गुरुद्वारे के सामने सेक्टर 12 हुडा पानीपत में आयोजित किया जाएगा। यह मेला दोपहर 3 बजे से रात 8 बजे तक चलेगा और प्रवेश निःशुल्क रहेगा। सेक्टर 12 स्थित ओम शांति भवन संचालिका राजयोगिनी सुनीता बहन ने जानकारी देते हुए बताया कि मेले के प्रमुख आकर्षण 12 ज्योतिर्लिंगों एवं पवित्र अमरनाथ गुफा की भव्य झांकी, 30 फुट लम्बा कुंभकरण का लाइव शो, 27 फुट ऊँचा शिवलिंग, तनाव मुक्ति चित्र प्रदर्शनी व राजयोग तनाव मुक्त कक्ष रहेगा।

### आत्मनिर्भर बनाने में कारगर है मातृशक्ति योजना

**पानीपत।** प्रदेश सरकार महिलाओ को सशक्त स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न प्रकार की कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। जिनके माध्यम से महिलाओं को आर्थिक सहायता से लेकर स्वरोजगार स्थापित करने में सहायता प्रदान की जाती है। डीसी डा. वीरेंद्र दहिया ने बताया की हरियाणा सरकार ने महिला सशक्तिरण की दिशा में हरियाणा मातृशक्ति उद्यमिता योजना शुरू की है। इस योजना का लाभ महिलाओं को केवल तभी प्रदान किया जाएगा जब उनकी पारिवारिक आय 5 लाख या फिर इससे कम हो साथ ही महिला की आयु 18 से 60 वर्ष के बीच होनी चाहिए तथा वह पूर्व के किसी ऋण मामले में डिफॉल्टर नहीं होनी चाहिए।


बापौली। योग कक्षा में भाग लेते साधक। फोटो :हरिभूमि

### बापौली में योग कक्षाएं शुरू

**बापौली।** भारत स्वाभिमान पतंजलि के जिला प्रभारी शीशपाल सिंह की अध्यक्षता में आज बापौली के बारात घर के हाल में योग कक्षा का शुरू की गई। जिसमें आज वार्म अप के साथ-साथ प्राणायाम, भस्त्रीका, कपालभाति, अनुलोम विलोम व उज्जई प्रणाम व ध्यान कराया गया। तहसील प्रभारी जनेश्वर रावल ने बताया की प्रतिदिन जो प्राणायाम करते हैं उन्हें बहुत लाभ हो रहा है। असाध्याय रोग भी ठीक हो रहे हैं। इस अवसर पर गीता,सोनिया आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## बीजेपी सरकार कर्मचारियों की मांगे तो दूर बात भी नहीं करती : जितेंद्र

# कर्मचारियों को चंडीगढ़ भेजने पर बिजली कर्मचारियों ने दिया धरना

■ एसई द्वारा तानाशाही रुख अपनाते हुए ऑर्डर कैंसल नहीं करने का आरोप लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


पानीपत। एसई कार्यालय पर धरना देते बिजली कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर युनियन सम्बंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा सर्कल सचिव सतेंद्र पुनिया की अध्यक्षता में पानीपत अधीक्षक अभियंता कार्यालय पर आज छटे दिन भी प्रदर्शन जारी रहा। इसका संचालन प्रमोद शर्मा राज्य कमेटी सदस्य ने किया। चंडीगढ़ में पानीपत के 10 कर्मचारियों को भेजे जाने के आदेश के खिलाफ सर्कल सचिव द्वारा अधीक्षक अभियंता को नोटिस देकर किये गये ऑर्डर को निरस्त करने की अपील की थी। आरोप है कि एसई द्वारा तानाशाही रुख अपनाते हुए ऑर्डर कैंसल नहीं किये। जिससे यूनियन को मजबूरी में प्रदर्शन करना पड़ा रहा है और जब तक ये आदेश निरस्त नहीं किये जाते तब तक प्रदर्शन जारी रहेगा। राज्य उप प्रधान जितेंद्र सैनी व राज्य प्रेस सचिव सोमपाल रावल ने कहा कि केंद्र सरकार चंडीगढ़, आगरा, लखनऊ, वाराणसी मुनाफे के बिजली निगम को संपत्तियों को कोडियो के भाव बेच रही है। नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी इलेक्ट्रिसिटी एम्पलाइज फेडरेशन पूरे देश में कर विरोध कर रहे हैं। हरियाणाा के भी तमाम बिजली कर्मचारी इसके विरोध में हैं। बीजेपी सरकार ने पिछले 10 सालों में कर्मचारियों की मुख्य मांगों पर समाधान करना दूर की बात बैठकर वार्ता करने का समय भी नहीं दिया गया है। प्रदर्शन को यूनिट समालखा प्रधान कपिल देव, सिटी युनिट प्रधान दलेल शर्मा, सब अर्बन युनिट प्रधान राकेश, जोगिंद्र,राज्य कमेटी सदस्य अमित कुमार, राज्य कमेटी सदस्य विनोद कुमार, कपूर चंद, सुरेन्द्र शर्मा ,प्रवीन छौक्कर,नरेंद्र रावल, धर्मबीर, हरिओम व रमेश आदि नेताओं ने संबोधित किया।


पानीपत। समाधान शिविर में जनता की समस्याएं सुनते हुए डीसी डा.वीरेंद्र दहिया व अन्य अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

### जरूरतमंदों को समाधान शिविर में मिल रहा लाभ : दहिया

**पानीपत।** जिला सचिवालय में आज समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त डॉ.वीरेन्द्र कुमार दहिया ने कहा कि अधिकारियों की निष्ठता पर लोगों को अटूट विश्वास है। इसी विश्वास के तहत लोग दूर दराज से अपनी समस्याओं का निदान करवाने के लिए समाधान शिविर में पहुंचते हैं। समाधान शिविर उन लोगों को विशेष राहत प्रदान कर रहा है जो लोग समस्याओं से ग्रस्त थे व समाधान की तालाश में कार्यालयों के बार बार चक्कर लगा रहे थे। अतिरिक्त उपायुक्त डॉ.पंकज यादव ने कहा कि एक ही छत के नीचे आम जन की समस्याओं की सुनवाई सभी विभागों के अधिकारी 2 घंटे करते हैं व उनकी समस्याओं का निदान करते हैं। वहीं एसपी लोकेन्द्र सिंह ने कहा कि समाधान करना हमारी बड़ी डयूटी है। जिस तरह के मामले समाधान शिविर में जनता द्वारा प्रस्तुत किये जाते है। उसमें अधिकारियों की बड़ी ताकत लगती है लेकिन समाधान निश्चित रूप से हो जाता है। इस मौके पर एडीसी डॉ.पंकज, एसडीएम ब्रह्म प्रकाश, डीआरओ रणविजय सिंह सुल्तानिया, डीटीओ हजारा सिंह, डिप्टी सीएमओ डॉ.अमित पोरिया, कृषि विभाग के डीडीए डा.आत्मा राम गौदारा, एलडीएम राजकुमार, पीडब्ल्यूडी विभाग के कार्यकारी अभियंता सावित पानू, पशु पालन विभाग के एसडीओ श्रीभगवान, डीडीपीओ राजेश शर्मा, महिला बाल विकास विभाग अधिकारी रीतू राठी, पंचायत विभाग के कार्यकारी अभियंता प्रदीप, आयुष विभाग के डॉ.संजय राजपाल, आरओ प्रदूषण बोर्ड भूपेन्द्र चहल, जीएसटी विभाग से अनिल, रैडक्रस सोसायटी सचिव गौरव राम करण, जिला पुलिस कैप्लेड अधिकारी सुरेश व संजीव शर्मा के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



समालखा। स्कूल में सामान भेंट करते आईडीबीआई बैंक के अधिकारी।

### आईडीबीआई बैंक ने स्कूल में दिया जरूरत का सामान

समालखा। राजकीय प्राथमिक विद्यालय माता पुली रोड में आईडीबीआई बैंक द्वारा सीएसआर एक्टीवीटी के तहत लाइट्स, पंखे,प्रिंटर,कुर्सियां, अल्मारियां, लेक्चर स्टैंड व दरिया आदि जरूरत का सामान उपलब्ध करवाया गया। बैंक मैनेजर सुविना कुजूर ने बताया कि सीएसआर सीड योजना के तहत विद्यालय को यह सहयोग किया गया है। मुख्याध्यापिका सुनीता ने बताया कि स्कूलों की सूरत बदलने के साथ अभिभावकों की सरकारी स्कूलों के प्रति मानसिकता भी बदल रही है। स्कूल का सहयोग करने पर बैंक अधिकारियों का आभार जताया।

## विदेश भेजने के नाम पर बार में डांस कराने के मामले में आया नया मोड़

**पानीपत।** जिले के एक गांव की महिला द्वारा एजेंट के माध्यम से बेटी को इटली ले जाकर बंधक बनाने व अनैतिक कार्य करवाने के मामले में नया मोड़ सामने आया है। यहां जिस बेटी के गायब होने के आरोप मां लगा रही थी वो बेटी ही अचानक पानीपत पहुंच गई और उसने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बड़े खुलासे किए। युवती ने कहा कि वह इटली नहीं गई न ही उसने कभी विदेश जाने का सोचा। वह पानीपत में ही एक जगह पर रह रही है। वह अपनी मां, मामा, नाना-नानी के डर की वजह घर छोड़ चुकी है। युवती ने अपने मामा पर गंभीर आरोप लगाए हैं। युवती ने कहा कि उसके मामा ने करीब 2 साल पहले उसके साथ जोर जबरदस्ती की थी। जिस बारे में उसने अपनी मां समेत अन्य परिजनों को बताया था। लेकिन उसकी सुनवाई नहीं हुई। बल्कि उसे धमकी दी गई थी कि अगर वह इस बारे में किसी को कुछ भी बताएगी तो उसके साथ कुछ भी गलत हो जाएगा। इतना ही नहीं मां अक्सर पिता के साथ भी झगड़ा करती थी। पिता को भी घर से मारपीट कर निकाला हुआ है। छोटे भाई को भी पीटती थी। युवती का कहना है कि मां उससे व पिता से रुपये की मांग करती है। रुपये न देने के चलते अब मां ने ये पूरी कहानी रची है। बिना वजह के रंजिशन अन्यों को भी बदनाम कर रही है।

### नशे का आदी होना आसान, लत से छुटकारा पाना मुश्किल



पानीपत। विद्यार्थियों को नशे के प्रति जागरूक करते हुए पुलिस अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

**पानीपत।** पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में जिला पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाई गई मुहिम के तहत पुलिस टीम ने आज चुलकाना गांव के सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देकर जागरूक किया। टीम ने विद्यार्थियों को बताया कि नशे से मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है साथ ही यह भविष्य को भी खतरे में डालता है। नशे की लत न केवल व्यक्तिगत जीवन को प्रभावित करती हैए बल्कि यह परिवार और समाज के लिए गंभीर समस्या उत्पन्न करती हैं। वहीं नशा मुक्त अभियान के जिला में नोडल अधिकारी उप पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह ने कहा कि नशा शरीर और मस्तिष्क पर बहुत गलत प्रभाव डालता है। नशा का आदी होना आसान है परंतु इसकी लत से छुटकारा पाना बेहद मुश्किल है। इस दौरान विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों की जानकरी देकर जीवन में नशा न करने की शपथ दिलाई।

## एक्शन मोड में ट्रैफिक पुलिस 29 वाहनों के किए चालान

■ करीब 45000 रुपये का जुर्माना किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा


पानीपत। नियमों का उल्लंघन करने वालों के चालान करती यातायात पुलिस। फोटो :हरिभूमि

यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस एक्शन मोड में दिखाई दे रही है। आज चालान ऑनलाइन माध्यम और ट्रैफिक पुलिस के जवानों ने स्पेशल अभियान चलाकर काटे। इन चालानों में सबसे ज्यादा चालान रॉन्ग साइड ड्राइविंग, बिना सीट बेल्ट ड्राइविंग और बिना हेलमेट ड्राइविंग, ओवरलोड, अवैध पार्किंग के हैं। शहरी ट्रैफिक इंचार्ज सतीश सैनी ने बताया कि एसपी लोकेंद्र सिंह आईपीएस के निर्देशानुसार, डीएसपी सुरेश सैनी के आदेशों पर ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की जा रही है। इस कड़ी में आज ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के 29 चालान किए गए। जिनपर करीब 45000 रुपये का जुर्माना किया गया है।


हवन यज्ञ में आहूति देते हुए प्राचार्या डॉ.शशि प्रभा मलिक व अन्य।

### आईबी कालेज में हवन यज्ञ का आयोजन

**पानीपत।** आईबी महाविद्यालय में संस्कारशाला क्लब एवं संस्कृत विभाग द्वारा हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। संस्कृत विभाग की सहायक प्रो. सोनिया वर्मा ने पूरी विधि विधान के साथ इस हवन का शुभारम्भ मंत्रो उच्चारण द्वारा किया। प्राचार्या डॉ.शशि प्रभा मलिक यजमान रही। डॉ.शशि प्रभा मलिक ने कहा कि कॉलेज प्रबंधन की हमेशा से ये ही कोशिश रही है कि हमारे विद्यार्थियों को बुनियादी शिक्षा के साथ-साथ आध्यात्मिक ज्ञान भी दिलवाया जाए और हवन अथवा यज्ञ हिंदू धर्म में शुद्धीकरण का एक कर्मकांड है। वहीं संस्कारशाला क्लब के संयोजक प्रो.अश्वनी गुप्ता ने बताया की वायु प्रदूषण को कम करने के लिए भी ऋषि मुनि लोग यज्ञ किया करते थे। उप प्राचार्या डॉ.किरन मदान ने बताया कि हवन से वातावरण शुद्ध होता है और बैक्टीरिया खत्म होते हैं। हवन के उपरांत सभी उपस्थित जनों को प्रसाद वितरित किया गया। डॉ.नीलम दहिया, डॉ.शर्मीला यादव, प्रो.खुशबू,प्रो.अंजलि गुप्ता,प्रो.विनय भारती,डॉ.नीतू,प्रो.पूजा व बीसीए तृतीय वर्ष की छात्राओं ने हवन में आहुति डाली। जबकि हवन को सफल बनाने के लिए टिंकू, गणेश व संगीता का योगदान रहा।

## परिषद की महासंगम यात्रा पहुंची रामेश्वरम ज्योतिर्लिंग

■ यात्रा के दौरान भक्तों ने प्रयागराज महाकुंभ से स्नान कर अपनी शुरुआत की


पानीपत। महासंगम यात्रा में शामिल भक्त रामेश्वरम मंदिर में पूजा अर्चना करते हुए। फोटो :हरिभूमि

**पानीपत।** अंतरराष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद एवं भगवा ऐप द्वारा आयोजित महासंगम यात्रा आज रामेश्वरम के मंदिर में पहुंची। यहां कदम रखते ही भक्तों की 10 दिन के लगातार सफर की थकान मंदिर के दर्शन मात्र से खत्म हो गई। बता दें महासंगम यात्रा 23 जनवरी को दिल्ली से शुरू होकर विभिन्न प्रमुख धार्मिक स्थानों से गुजरते हुए रामेश्वरम पहुंची है। यात्रा के दौरान भक्तों ने प्रयागराज महाकुंभ से स्नान कर अपनी शुरुआत की थी। इस यात्रा में करीब 150 भक्त शामिल हैं। यहां यात्रा के दौरान भक्तों ने इस दिव्य स्थल पर पूजा अर्चना की और समुद्र तट पर स्नान किया। दीप सिहाग सिसाय राष्ट्रीय महामंत्री अन्तर्राष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद व चेयरमैन एवीपीएल इंटरनेशनल ने बताया कि महासंगम यात्रा केवल एक तीर्थ यात्रा नहीं है। यह हमारे प्राचीन मंदिरों को पुनर्जीवित करने और लोगों को उनके सांस्कृतिक और आध्यात्मिक मूल से जोड़ने का एक आंदोलन है। रामेश्वरम मंदिर पहुंचने का अनुभव हमारे लिए बहुत गहरा और दिव्य था। वहीं डॉ.नवीन नैन भालसी राष्ट्रीय महामंत्री अंतरराष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद ने बताया कि रामेश्वरम मंदिर भक्तों के हृदय में विशेष स्थान रखता है। महासंगम यात्रा के हिस्से के रूप में इस पवित्र स्थल की यात्रा हमारे आध्यात्मिक केंद्रों के महत्व को फिर से उजागर करती है।



### ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर शानदार उत्सव के साथ शुरू

**पानीपत।** ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर 2025 का उद्घाटन संस्करण गुरुग्राम में आयोजित किया गया। फैशन आइकन रोहित बल के साथ इस उल्लेखनीय साझेदारी ने फैशन टूर को कई शानदार प्रस्तुतियों का साक्षी बनाया। वहीं फैशन आइकन सोनम कपूर ने इस विशेष शो में शोस्टॉपर बनकर रोहित बल के जीवन का जश्न मनाया। फैशन डिजाइन काउंसिल ऑफ इंडिया के सहयोग से सुमंत जयकृष्णन, प्रसिद्ध शेफ सुवीर सारन, विभा सराफ व देवेशी सहगल ने भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। पर्नोड रिकार्ड इंडिया के सीएमओ कार्तिक मोहिंद्रा ने कहा कि यह रोहित बल की विरासत का ऐसा उत्सव था जिसे युगों तक याद रखा जाएगा।

### इंस्टिट्यूशन इन्नोवेशन काउंसिल द्वारा माइंड ट्रेनिंग पर वर्कशॉप आयोजित


पानीपत। कार्यशाला में पहुंचे मेहमानों के साथ आयोजक। फोटो :हरिभूमि

**पानीपत।** इंस्टिट्यूशन इन्नोवेशन काउंसिल की ओर से आज आर्य कालेज में माइंड ट्रेनिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के रिसोर्स पर्सन माइंड ट्रेनर सचिन तंवर थे। प्राचार्य डॉ.जगदीश गुप्ता ने रिसोर्स पर्सन का कॉलेज पहुंचने पर स्वागत किया। सफल आयोजन के लिए प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने प्रो.आस्था गुप्ता, डॉ.मनीषा डूडेजा व प्रो.पंकज चौधरी को बधाई दी। डॉ.जगदीश गुप्ता ने कहा कि आज के डिजिटल युग में जहां मोबाइल पर ज्यादा समय व्यतीत करने लगे हैं। वहीं हमारे दिमाग की एक्सरसाइज कम हो गई है। इसलिए इस तरह की वर्कशॉप के आयोजन से मेमोरी को शार्प करना व गेम के जरिए अपनी मेंटल हेल्थ को तंदुरुस्त कर सकते हैं। रिसोर्स पर्सन सचिन तंवर ने छात्रों को समस्या समाधान सिखाने के लिए मस्तिष्क प्रबंधन और स्मृति प्रशिक्षण गतिविधियों के बारे में सिखाया। वहीं रिसोर्स पर्सन ने विद्यार्थियों के प्रश्नों का निवारण किया।

### दीक्षा त्याग का मार्ग है : आशीष मुनि


पानीपत। सुशील जैन एवं पवन जैन का अभिनंदन करते हुए जैन समाज के लोग। फोटो :हरिभूमि

**पानीपत।** गांधी मंडी जैन स्थानक में आज दो मुमुक्षु वैरागी आत्माओं सुशील जैन एवं पवन जैन का अभिनंदन समारोह आशीष मुनि जी महाराज, उत्तम मुनि जी महाराज, विराग मुनि जी महाराज, बालचंद जी महाराज ठाणे 4 के पावन सानिध्य में आयोजित किया गया। इनकी जैन भागवती दीक्षा 2 मार्च 2025 को रोहतक में होगी। यह दीक्षा उत्तर भारतीय प्रवर्तक आशीष मुनि जी वहीं प्रवचन करते हुए आशीष मुनि जी ने फरमाया कि संयम आत्म नियंत्रण है। संयमी स्व.विवेक से जीवन में रही सभी विकृतियों और मानसिक कमजोरियों को दूर करता है। दीक्षा एक त्याग का मार्ग है। इसमें घर परिवार तथा आसक्ति का त्याग किया जाता है। आसक्ति संसार है, कर्म बंध का कारण है। यही तो जन्म मरण कराता है। इस अवसर पर भगत महावीर प्रसाद जैन, संरक्षक डॉ.एपी जैन, प्रधान जगदीश जैन,महासचिव डॉ.ईश्वर जैन, वीरेंद्र जैन, डॉ.रामनिवास जैन,रामकिशन जैन, सुशील जैन,नरेंद्र जैन,अजीत जैन आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## एसडी कॉलेज में राज्य स्तरीय कार्यशाला आयोजित

# लैंगिक समानता का पाठ्यक्रम ही स्त्री-पुरुष समानता का आधार बनेगा : डॉ.संध्या सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत





पानीपत। अतिथियों का स्वागत करते प्राचार्य डा.अनुपम अरोड़ा,नाटक की प्रस्तुति देते शुरुआत समिति के सदस्य।

एसडी पीजी कॉलेज में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिला प्रशासन व पुलिस विभाग के सानिध्य में राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका विषय स्त्री-पुरुष समानता में नागरिक दायित्व रहा। कार्यशाला की प्रेरणा अमनीत पी कुमार प्रधान सचिव महिला एवं बाल विकास विभाग हरियाणा और मार्गदर्शन डॉ.वीरेंद्र दहिया उपायुक्त पानीपत ने दिया। जबकि अध्यक्षता टीनू पोसवाल सिटी मजिस्ट्रेट और धन्यवाद प्रस्ताव परमिन्द्र कौर महिला बाल विकास कार्यक्रम अधिकारी ने किया। कार्यशाला में बतौर मुख्य वक्ता डॉ.सुधा सिंह लेखिका एवं सीनियर प्रो.हिंदी विभाग दिल्ली विश्वविद्यालय नई दिल्ली, डॉ.संध्या सिंह प्रो.भाषा विभाग एनसीईआरटीए नई दिल्ली, डॉ.सीता रश्मि पुणे और डॉ.शिखा राय प्रो.जन सम्पर्क विभाग इग्नू नई दिल्ली और इंस्पेक्टर रेखा महिला थाना पानीपत रहे। मेहमानों का स्वागत प्राचार्य डॉ.अनुपम अरोड़ा ने पुष्प रोपित गमलें भेंट करके किया। कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण शुरुआत समिति द्वारा निर्देशित नाटक जिंदगी न मिलेगी दुबारा और धरती करे पुकार रहे। वहीं चित्रकला प्रदर्शन और डोकुमेंत्री फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। मंच संचालन राजीव रंजन संस्कृति कर्मी ने किया। अमनीत पी कुमार ने कहा कि सभी विभागों की कार्यशैली विकसित होनी चाहिए और स्त्री.पुरुष को समान दृष्टि उपलब्ध हो। डॉ.सुधा सिंह ने कहा कि महिलाएं सभ्यता की जननी हैं। प्रकृति स्त्रीत्व का सबसे सुन्दर उदाहरण है। जेंडर संवेदीकरण से ही दुनिया खूबसूरत बनेगी। डॉ.संध्या सिंह ने कहा कि लैंगिक समानता का पाठ्यक्रम ही स्त्री-पुरुष समानता का आधार बनेगा। डॉ.अनुपम अरोड़ा ने कहा कि 21वीं सदी में महिलाओं का सशक्तिकरण न केवल राष्ट्रीय स्तर पर बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा बन गया है।

## श्री श्री रवि शंकर पहुंचे महाकुम्भ लगाई संगम में डुबकी

■ हजारों श्रद्धालुओं के लिए ध्यान-सत्र का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


पानीपत। संगम में डूबकी लगाते हुए श्री श्री रवि शंकर। फोटो :हरिभूमि

श्री श्री रवि शंकर ने कुंभ मेले के दौरान कई महत्त्वपूर्ण आध्यात्मिक अनुष्ठानों में भाग लिया। वहां कई अखाड़ों के साधु-संतों से मुलाकात की और हजारों श्रद्धालुओं के लिए ध्यान-सत्र का आयोजन किया। हरियाणा स्टेट मीडिया कोऑर्डिनेटर कुसुम धीमान ने ये जानकारी देते हुए बताया कि प्रयागराज आगमन पर गुरुदेव सबसे पहले महर्षि महेश योगी जी के स्मृति स्थल पर पहुंचे। उसके बाद परमार्थ निकेतन के स्वामी चिदानंद के आश्रम पहुंचकर संगम घाट के दर्शन किए। उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भी मुलाकात की और उन्हें महाकुंभ की बधाई दी। ऑफ लिविंग कैंप से 800 मीटर की दूरी पर स्थित नागवासुकी घाट पर देश विदेश से पहुँचे अनुयायियों के साथ गंगा स्नान किया।

## खबर संक्षेप

### कैंसर के कारणों की जानकारी दी

बराड़ा। विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर एसएमएस खालसा लबाना गर्ल्स कॉलेज में एक जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाना और इसकी रोकथाम के उपायों पर प्रकाश डालना था। कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज की प्राचार्या डॉ. इंदू विज के मार्गदर्शन में एनएसएस सेल की अधिकारी डॉ. पूजा बैरागी द्वारा किया गया। विज ने कैंसर के विभिन्न कारणों, लक्षणों और समय पर उपचार के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी।

### जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया

**नारायणगढ़**। नागरिक अस्पताल के एसएमओ डॉ. प्रवीण कुमार ने कहा कि विश्व कैंसर दिवस प्रत्येक वर्ष 4 फरवरी को मनाया जाता है। यह दिवस कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाने और कैंसर के प्रति लड़ाई में एकजुटता को प्रोत्साहित करने के लिए मनाया जाता है। विश्व कैंसर दिवस पर आज नागरिक अस्पताल में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें एसएमओ व अन्य डॉक्टरों ने कैंसर के बारे में जानकारी दी।

### मार्शल आर्ट कार्यशाला का आयोजन किया

**नारायणगढ़**। राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्या खुशीला के मार्गदर्शन में कार्यकारी प्राचार्य प्रोफेसर देवेंद्र ढींगरा की अध्यक्षता में महिला प्रकोष्ठ के अंतर्गत 28 फरवरी से चल रही सात दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण मार्शल आर्ट कार्यशाला' का मंगलवार को सफलता पूर्वक समापन किया गया। ढींगरा ने आवश्यक आत्मरक्षा तकनीक सीखने के प्रति छात्राओं की प्रतिबद्धता की सराहना की तथा उन्हें इन कौशलों को और निखारने के लिए प्रोत्साहित किया।

### समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए

**नारायणगढ़**। समाधान शिविर में नायब तहसीलदार संजीव अत्री ने लोगों की समस्याएं सुनी। उन्होंने विभागों के अधिकारियों को समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर हर दिन एक नई ऊर्जा प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा समाधान शिविर की पहल का उदेश्य जन समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है।

### गोपाल विट्ठल बने कार्यवाहक अध्यक्ष

**अंबाला**। भारती एयरटेल के वाइस चेयरमैन और एमडी, गोपाल विट्ठल को जीएसएमए बोर्ड का कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति तब हुई जब टेलीफोनिका के चेयरमैन और सीईओ, जोसे मारिया एलवारेस-पैलेट ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। गोपाल विट्ठल को दूसरी बार जीएसएमए बोर्ड का डिप्टी चेयर चुना गया था।

### मोटरसाइकिल चोरी मामले में आरोपी काबू

**कैथल**। वाहन चोरों पर एसपी राजेश कालिया के आदेशानुसार लगातार कार्रवाई करते बाइक चोरी के मामले में थाना सिविल लाइन के एचसी राकेश कुमार द्वारा आरोपी गांव टयोंठा निवासी बलराज को गिरफ्तार कर लिया गया।

# गुजरात से राजस्थान तक प्रवाहित होती थी सरस्वती नदी, फिर अरब सागर में मिलती थी

## भारतीय योग संस्थान के साधकों ने ऐतिहासिक टूर के दौरान सरस्वती उद्गम स्थल के किए दर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

भारतीय योग संस्थान के तत्वावधान में, जॉन प्रधान संजय धीमान और पूर्व एनसीसी अधिकारी सुरेंद्र धीमान के मार्गदर्शन और नेतृत्व में एक विशेष आध्यात्मिक व ऐतिहासिक टूर का आयोजन किया गया। इस यात्रा के दौरान सभी योग साधकों ने सरस्वती उदगम स्थल और आदि बद्री मंदिर के दर्शन किए। योग साधकों ने वट वृक्ष के नीचे सहभोज कर पारंपरिक भारतीय संस्कृति का अनुभव किया। इसके साथ ही, सभी ने म्यूजियम में जाकर ऐतिहासिक जानकारियां प्राप्त कीं और भारत की गौरवशाली विरासत को समझने का अवसर पाया। यात्रा के अगले चरण में माता मंत्रा देवी के



नारायणगढ़। सरस्वती नदी के उद्गम स्थल पर मौजूद योग साधक। फोटो :हरिभूमि

दर्शन किए गए, जिससे सभी साधकों ने आध्यात्मिक ऊर्जा व सकारात्मकता का अनुभव किया। जोन प्रधान संजय धीमान ने बताया इस टूर का उद्देश्य न केवल योग साधकों को भारतीय इतिहास और संस्कृति से जोडन्ा था, बल्कि उन्हें प्रकृति के निकट रहकर आध्यात्मिक अनुभूति भी कराना था। संस्थान आगे भी ऐसे आयोजनों के माध्यम से भारतीय संस्कृति और योग परंपरा को बढ़ावा देने के लिए

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर योग साधक मनोज वालिया, राजेश वर्मा, अजीत त्यागी, मीनाक्षी वालिया एवं अमित वालिया, रीटा गोयल, कनिका अग्रवाल, राजेश शर्मा, अंजू रानी, रोनित, तेजस वालिया सहित बहुत सारे योग साधन मौजूद रहे।

प्रतिबद्ध है। गौरतलब है कि गत दिवस इस धार्मिक यात्रा का आयोजन किया गया था। बता दें कि अंतरराष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव-2025 का शुभारंभ मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा विगत दिवस आदिबद्री ( जिला यमुनानगर) में किया गया था। यह महोत्सव 29 जनवरी से 2 फरवरी, 2025 तक चला। पूर्व एनसीसी अधिकारी सुरेंद्र धीमान ने बताया कि सरस्वती नदी के प्रमाण मिल चुके हैं। सरस्वती नदी का वर्णन ऋग्वेद में बार-बार आया है। यह नदी आज की गंगा की तरह उस समय की विशाल नदियों में से एक थी। वैदिक संस्कृति सरस्वती नदी के किनारे पनपी थी। महाभारत में मिले वर्णन के अनुसार सरस्वती शिवालिक पहाड़ियों से थोड़ा नीचे आदिबद्री से निकलती थी। यह नदी हरियाणा, राजस्थान तथा गुजरात में लगभग 1600 किलोमीटर तक प्रवाहित होते हुए अंत में अरब सागर में मिलती थी लेकिन अब सरस्वती नदी विलुप्त हो गई है। सरकार सरस्वती को फिर से प्रवाहित करने के लिए सार्थक प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि सर्वे ऑफ इंडिया और हरियाणा के राजस्व रिकॉर्ड में इस नदी का स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है। इसलिए सरकार ने माँ सरस्वती को फिर से धरातल पर लाने का बीड़ा उठाया है।

यह परियोजना हमारी सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और पुरातात्विक विरासत को नई पीढ़ियों तक ले जाने में महत्वपूर्ण साबित होगी। सरकार ने इसके पुनरुद्धार के लिए वर्ष 2015 में हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड की स्थापना की थी। वैज्ञानिक अनुसंधान के आधार पर यह पुष्टि हुई है कि आदिबद्री एवं घग्गर नदी क्षेत्र में सरस्वती नदी की लुप्त धाराएं अभी भी मौजूद हैं। इसी अनुसंधान के आधार पर सरस्वती को धरातल पर लाने की योजना बनाई है।केंद्र प्रमुख राजेश शर्मा ने बताया कि भारतीय योग संस्थान की योग कक्षा प्रतिदिन सुबह 5:30 बजे से 6:30 तक और शाम की योग कक्षा 4:00 बजे से 5:00 बजे तक अहलूवालिया धर्मशाला में चलती है।

## निकाय चुनाव का बिगुल बजते ही नेता कसने लगे लंगोट

# अंबाला : मेयर के लिए भाजपा व कांग्रेस में होगी सीधी टक्कर

**बड़े नेता मेयर चुनाव की उम्मीदवारी से बना रहे दूरी, एक साल के लिए होगा चुनाव, छावनी में निकाय चुनाव का इंतजार खत्म**

### कांग्रेस के लिए मेयर के लिए जिताउ प्रत्याशी की तलाश सबसे बड़ी चुनौती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

राज्य चुनाव आयोग की ओर से निकाय चुनाव का ऐलान होते ही भाजपा-कांग्रेस के नेताओं ने फिर मैदान में कूदने की तैयारी कर ली है। अंबाला शहर नगर निगम में मेयर का सीधा चुनाव होगा जबकि अंबाला छावनी में नगर परिषद के सालों से लंबित चुनाव का इंतजार खत्म होगा। चुनाव में जीत की रणनीति को लेकर भाजपा की ओर से मीटिंग बुला ली गई है। इस मीटिंग में मेयर प्रत्याशी का चयन होगा। दूसरी ओर से चुनाव को लेकर एक बार फिर कांग्रेस नेता रणनीति बनाने की बात कह रहे हैं। कांग्रेस के लिए मेयर पद के लिए जिताउ प्रत्याशी की तलाश सबसे बड़ी चुनाती मानी जा रही है। खैर चुनाव का ऐलान होते ही अब अगले एक महीने से ट्विन सिटी में खूब सियासी अखाड़े लगने तय हैं। चुनाव को लेकर विकट स्थिति अंबाला शहर नगर निगम में मेयर की कुर्सी चार महीने से खाली पड़ी है। शक्ति रानी शर्मा के कालका की विधायक बनने के बाद से यह सीट खाली है। चार साल पहले ही शक्ति रानी शर्मा भाजपा की वंदना शर्मा को शिकस्त देकर शहर की पहली मेयर बनी थी। मेयर का चुनाव एक साल के लिए होगा। इसी वजह से भाजपा-कांग्रेस के बड़े नेता इस चुनाव से दूरी बनाते दिख रहे हैं। दरअसल हर प्रत्याशी को मेयर का चुनाव विधानसभा की तर्ज पर लड़ना होगा। ऐसे में एक साल के लिए चुनाव पर कोई भी बड़ा नेता खर्च का दांव लगाने को तैयार नहीं दिख रहा। सत्ता में होने के बावजूद अंबाला शहर भाजपा के पास कोई नुमाइंदा नहीं है। पूर्व मंत्री असीम गोयल यहां से चुनाव हार गए थे। ऐसे में पार्टी के लिए जिताउ उम्मीदवार तलाशना उनके लिए भी चुनौती होगा। बेशक अंबाला शहर विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी निर्मल सिंह विधायक हैं। मगर पार्टी के सत्ता से बाहर होने की वजह से मेयर पद के लिए कोई बड़ा नेता रिस्क लेने के लिए तैयार नहीं दिख रहा। ऐसे में कांग्रेस के सामने भी मजबूत उम्मीदवार की विकट स्थिति है। छावनी के लोग सालों से निकाय चुनाव का इंतजार कर रहे थे। अब उनका इंतजार खत्म होने जा रहा है। लंबे समय छावनी नगर परिषद का चुनाव होगा। चेयरमैन की कुर्सी एससी उम्मीदवार के लिए आरक्षित है। यहां 31 वार्ड हैं। सभी वार्डों का आरक्षण पहले ही हो चुका है। जिस तरह विधानसभा चुनाव में मंत्री अनिल विज व बागी प्रत्याशी चित्रा सरवारा के के बीच कांटे की टक्कर हुई थी। इसी तरह निकाय चुनाव में एक बार फिर यहां बेहद दिलचस्प मुकाबला होने की संभावना जताई जा रही है। हालांकि यहां कांग्रेस को हर वार्ड के साथ चेयरमैन पद के लिए जिताउ उम्मीदवार तलाशना भी बेहद मुश्किल होगा।

**हारे उम्मीदवारों पर दांव लगाने के चांस**

मेयर चुनाव में दोनों दलों की दिलचस्पी कम होने की वजह से अब हारे उम्मीदवारों पर दांव लगाने के चांस ज्यादा है। चार साल पहले हुए निकाय चुनाव में भाजपा फिर से मेयर प्रत्याशी रही वंदना शर्मा मैदान में उतार सकती है। अगर वंदना चुनाव से इंकार करती है तो फिर भाजपा किसी महिला निगम सदस्य को मैदान में उतार सकती है। ऐसे में पूर्व विधायक स्वर्गीय वीना छिब्बर की पुत्रवधू अर्चना छिब्बर बाजी मार सकती है। कांग्रेस के लिए भी ऐसे ही विकल्प नजर आ रहे हैं। कांग्रेस भी पूर्व निगम सदस्य रहे डिंपी अग्रवाल की पत्नी को चुनाव के लिए मना सकती है। हालांकि कांग्रेस के पास वार्ड नंबर 9 से निगम सदस्य मेघा गोयल का भी विकल्प है। फिलहाल दोनों दलों की चुनावी मीटिंग में बनने वाली रणनीति से ही उम्मीदवारों की तस्वीर साफ होगी।

**मेयर उपचुनाव की घोषणा के बावजूद कानूनी पेंच फंसा**

**अंबाला**। करीब चार महीने से रिक्त मेयर पद के उपचुनाव की घोषणा के बावजूद इसमें एक गंभीर कानूनी पेंच फंसा हुआ है। दरअसल हरियाणा नगरं निगम कानून, 1994 की धारा 13 जो नगर निगम मेयर और सदस्यों की रिक्त हुई सीटों को उपचुनाव द्वारा भरे जाने से संबंधित है में सवा चार वर्ष पूर्व नवंबर-2020 में प्रदेश विधानसभा द्वारा संशोधन कर भूलवश ऐसा उल्लेख कर दिया गया था कि उक्त धारा के प्रावधान रिक्त हुए मेयर की पद पर लागू नहीं होंगे। इसका अर्थ यह है अगर किसी नगर निगम के मेयर का पद, बेशक वह किसी भी कारण से रिक्त हुआ हो तो उसे राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा उपचुनाव द्वारा भरा नहीं जा सकता है। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के वकील हेमंत कुमार ने बताया कि वास्तव में हरियाणा विधानसभा द्वारा उक्त धारा में संशोधन कर ऐसा उल्लेख किया जाना चाहिए था कि धारा 13 के प्रावधान अविश्वास प्रस्ताव से रिक्त हुए मेयर पद पर लागू नहीं होंगे। हरियाणा म्युनिसिपल कानून, 1973 की धारा 15 में प्रत्यक्ष निर्वाचित नगर परिषद/नगर पालिका अध्यक्ष के विषय में भी स्पष्ट कानूनी प्रावधान है कि अविश्वास प्रस्ताव से रिक्त हुए ऐसे अध्यक्षों के पदों को उपचुनाव से भरने का प्रावधान नहीं लागू होगा। हेमंत का कानूनी मत है कि हरियाणा नगर निगम कानून, 1994 की उपरोक्त धारा 13 में पुनः उपयुक्त कानूनी संशोधन करके ही अंबाला शहर नगर निगम के मौजूदा रिक्त मेयर पद के लिए उपचुनाव संभव हो सकता है जोकि तत्काल तौर पर प्रदेश में सत्तासीन सरकार द्वारा राज्यपाल से इस संबंध में एक अध्यादेश प्रख्यापित (जारी) करवाकर संभव है। अगर ऐसा नहीं किया जाता तो उसे इसी माह फरवरी में प्रस्तावित हरियाणा विधानसभा के आगामी बजट सत्र में विधेयक के तौर पर पेश कर सदन में पास कराकर एवं तत्पश्चात उस पर राज्यपाल की स्वीकृति प्राप्त होने से किया जा सकता है.।



अंबाला। लोगों की शिकायतें सुनते डीसी अजय सिंह तोमर। फोटो :हरिभूमि

# अब तक 88 फीसदी से ज्यादा शिकायतों का किया समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि जिला में आयोजित समाधान शिविर के तहत 25 नवंबर 2024 से लेकर 3 फरवरी 2025 तक 848 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। इसमें से 750 शिकायतो का निपटान कर दिया गया है। शेष बची 98 शिकायतों के निपटान की कार्रवाई की जा रही है। उपायुक्त अजय सिंह तोमर मंगलवार को जिला स्तर पर आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता कर रहे थे। तोमर ने कहा कि समाधान शिविर को आयोजित किए जाने का मुख्य उद्देश्य यही है कि एक ही छत के नीचे सभी सम्बन्धित विभागों के अधिकारी मौजूद रहकर प्रार्थी की समस्या को सुनकर उसका निवारण कर रहे हैं। जिला अम्बाल में समाधान शिविरों के तहत प्राप्त होने वाली शिकायतों का निपटान का प्रतिशत 88.5 प्रतिशत है। सभी के सहयोग से इस प्रतिशत को 90 प्रतिशत से अधिक किया जाएगा। उन्होने यह भी कहा कि समाधान शिविर के अलावा सम्बन्धित विभाग के अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि कोई भी प्रार्थी किसी भी समस्या के लिए किसी कार्यालय में जाता है उसकी समस्या का भी वे प्राथमिकता से समाधान करें। उपायुक्त ने यह भी कहा कि जिला स्तर के साथ-साथ उपमंडल स्तर पर प्रत्येक कार्य दिवस पर प्रातः 10 से 12 बजे तक समाधान शिविर में कोई भी व्यक्ति अपनी समस्या को आकर रख सकता है। समाधान शिविर लोगों की समस्याओं का निवारण करने में बेहद ही कारगर सिद्ध हो रहे हैं। इसके साथ-साथ हरियाणा के मुख्यमंत्री भी इन शिविरों की वीसी के माध्यम से मोनिटरिंग भी कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि समाधान शिविर में अधिकतर समस्याएं परिवार पहचान पत्र में त्रुटि, प्रोपर्टी आईडी व पैंशन से सम्बन्धित आ रही हैं। प्रशासन का पूरा प्रयास है कि इन समस्याओं का तीव्रता से निपटान हो और इस दिशा में कार्य भी किए जा रहे हैं। जिला स्तर पर आयोजित आज समाधान शिविर में 4 शिकायतें आई 3 का मौके पर ही निपटान कर दिया गया।

# मताधिकार का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया

## जीएमएन कॉलेज के 21 छात्रो को प्रशासन की ओर से किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज के यूथ रेडक्रॉस सोसायटी के 21 समर्पित छात्रों को हाल ही में जिला प्रशासन द्वारा विधानसभा चुनावों के दौरान सामाजिक सेवा में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रशंसा प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। कॉलेज के प्राचार्य, डॉ. रोहित दत्त ने सभी सम्मानित छात्रों को प्रमाण पत्र प्रदान किए। प्राचार्य डॉ. रोहित दत ने इस अवसर पर कहा, /"यह हमारे लिए गर्व का क्षण है कि हमारे युवा रेड क्रॉस स्वयंसेवकों ने लोकतंत्र को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने न केवल लोगों को



अंबाला। सम्मानित किए गए छात्र। फोटो :हरिभूमि

लोकतंत्र के प्रति जागरूक किया, बल्कि वरिष्ठ नागरिकों को मतदान केंद्रों तक पहुंचने में सहायता कर उन्हें अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए प्रेरित भी किया।/" उन्होंने आगे बताया कि कॉलेज के 20 छात्रों और हमारे काउंसलर डॉ. राकेश कुमार, को जिला प्रशासन द्वारा प्रशंसा प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया है, जो हम सभी के लिए अत्यंत सराहनीय और गर्व का विषय है। इस सम्मान ने जीएमएन कॉलेज के छात्रों के समर्पण और समाज के प्रति उनकी सेवा भावना को उजागर किया है। कॉलेज प्रशासन ने उम्मीद जताई है कि भविष्य में भी छात्र इसी प्रकार समाज सेवा में सक्रिय भूमिका निभाते रहेंगे और लोकतंत्र को सशक्त बनाने में अपना योगदान देते रहेंगे।इस अवसर पर कॉलेज के अन्य प्राध्यापकों ने भी सम्मानित छात्रों की सराहना की।

# अठारह वाहन चालकों से 2.54 लाख रुपये का जुर्माना वसूला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

- परिवहन मंत्री अनिल विज की कड़ी कार्रवाई से वाहन चालकों में मचा हड़कंप

परिवहन मंत्री अनिल विज के छापा के दौरान अधिकारियों ने 18 वाहनों के चालान किए थे। इस दौरान नियत तोड़ने वाले वाहन चालकों से 2.54 लाख रुपए जुर्माना भी वसूला गया। दो वाहन चालकों द्वारा मौके पर ही चालान भर दिए गए थे जबकि शेष वाहनों को जब्त किया गया था।

इन वाहनों को जुर्माना राशि भरने पर ही छोड़ा जाएगा। गौरतलब है कि अंबाला-नारायणगढ़ हाइवे पर सोमवार शाम परिवहन मंत्री अनिल विज ने एकाएक छापा मारा था। उन्होंने स्वयं ओवरलोडि वाहनों की जांच शुरू कर दी थी। जांच के दौरान कई वाहनों में अनियमितताएं पाई गई थी। इन वाहनों को जब्त किया गया था। छापे की जानकारी मिलते ही मौके पर आरटीए और पुलिस टीमें पहुंच गई थी। छापे के दौरान कई वाहन चालकों के दस्तावेज मंत्री अनिल विज ने स्वयं चेक किए। उन्होंने ट्रकों में लोड किए गए सामान का वजन व आकार भी चेक किया था। मंत्री विज की इस कार्रवाई से वाहन चालकों में हड़कंप की स्थिति मच गई थी। विज ने मौके पर ही तब कहा था कि उनका प्रयास है कि प्रदेश में ओवरलोड वाहन न चले और वाहन चालक पूरे दस्तावेजों के साथ चले। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को भी इन्हें चेक करने के निर्देश दिए थे। विज की जांच के बाद नियम तोड़ने वाले वाहन नंबर एचआर 658381 से 43500, एचआर 64ए4868 से 32000, एचआर 37ई2769 से 36500, एचआर 37सी5867 से 25500 रुपये का जुर्माना वसूला गया।

### एयर पिस्टल शूटिंग में गुरलीन ने जीता कांस्य पदक



**अंबाला**। पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल की छात्रा गुरलीन कौर तथा निर्भय ने ए आर शूटिंग अकादमी, मुलाना द्वारा आयोजित एयर पिस्टल शूटिंग प्रतियोगिता में कमाल का प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक हासिल किया। इस प्रतियोगिता में इन दोनों खिलाडियों को ओलंपिक पदक विजेता व अर्जुन अवार्ड से सम्मानित निशानेबाज़ सरबजोत सिंह के द्वारा मेडल प्रदान किया गया। स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. विकास कोहली ने इस उपलब्धि के लिए गुरलीन कौर तथा निर्भय को व उसके माता -पिता को बधाई दी। प्रधानाचार्य ने स्कूल के स्पोर्ट्स डिपार्टमेंट को भी इस उपलब्धि के लिए बधाई दी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## ऐतिहासिक सम्मानः अभी तक चार शंकराचार्यों के नाम के आगे लगती थी उपाधि

# ब्रह्मर्षि श्री कुमार स्वामी को मिली जगद्गुरु की उपाधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चंडीगढ़

ब्रह्मर्षि श्री कुमार स्वामी भारत के पहले ऐसे महामंडलेश्वर बन गए हैं जिन्हें जगद्गुरु की उपाधि से अलंकृत किया गया है। भारत में अभी तक केवल चार शंकराचार्यों के के नाम के आगे जगद्गुरु की उपाधि लगाई जाती है। सनातन धर्म को विश्व के कोने-कोने तक पहुंचाने और करोड़ों लोगों के जीवन में आमूल चूल परिवर्तन लाने के लिए महामंडलेश्वर ब्रह्मर्षि श्री कुमार स्वामी को सनातन धर्म की यह सर्वोच्च उपाधि प्रदान की है। उपाधि प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ के अवसर पर निरंजनी



अखाड़े के पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानन्द गिरी ने प्रदान की। हजारों संतों और महामंडलेश्वरों की मौजूदगी में ब्रह्मर्षि श्री कुमार स्वामी का पट्टा अभिषेक कर जगद्गुरु की उपाधि से विभूषित किया गया। जगद्गुरु की उपाधि से पूर्व उन्हें महाब्रह्मर्षि की उपाधि से भी विभूषित किया जा चुका है। अवसर पर अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं मां मनसा देवी मन्दिर ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत रविन्द्र पुरी महाराज ने कहा कि जो सम्मान महामंडलेश्वर महा ब्रह्मर्षि श्री कुमार स्वामी जी को मिला है, वह सम्मान किसी संत के अद्वितीय योगदान और आध्यात्मिक उत्कृष्टता की पहचान होता है। निरंजनी अखाड़े में सम्मान समारोह में आनंद पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी बालकानंद गिरि महाराज, महंत राम रतन गिरी, महंत ओमकार गिरी, महंत राधे गिरी, महामंडलेश्वर स्वामी महेश नन्द, महंत दिनेश गिरी, महंत दर्शन भारती, महामंडलेश्वर स्वामी अन्नपूर्णा भारती, श्री महंत राधे गिरी, स्वामी मीरा गिरी, स्वामी प्रेमानन्द पुरी, प्रो दिनेश कुमार गर्ग, प्रो. राम सलाही द्विवेदी, प्रो. शिवशंकर मिश्र, स्वामी अनंतानंत सहित अनेक संत उपस्थित थे। इस सम्मान समारोह को दुनिया भर के लोगों ने लाइव प्रसारण के माध्यम से देखा। बता दें कि महामंडलेश्वर ब्रह्मर्षि श्री कुमार स्वामी को अमेरिका, इंग्लैंड, कनाडा सहित दुनिया की अनेक सरकारें अपनी पार्लियामेंट में बुलाकर सम्मानित कर चुकी हैं। उनके नाम पर अमेरिका में दिवस भी मनाया जाता है।